पंजाब केसरी 12/11/2023

कॉलेज की फुटबाल प्रतियोगिता विजेता टीम।

जी.एम.एन. कॉलेज ने इंटर कॉलेज फुटबॉल चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

अम्बाला, 11 नवम्बर (कोचर): कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित इंटर कॉलेज फुटबॉल चैंपियनशिप पुरुष वर्ग में जी.एम.एन. कॉलेज चैंपियन रहा। कॉलेज के खिलाड़ियों ने गोल्ड जीत कर अपने आप को सर्वश्रेष्ठ साबित किया। यह प्रतियोगिता 4 से 10 नवम्बर तक खेली गई जिसमें कॉलेज ने नोक आउट मैच के अंदर पानीपत को 3-0 से हराया। गवर्नमेंट कॉलेज इसराणा को 2-0 और गवर्नमेंट कॉलेज पंचकूला को 5-0 से हराया।

इसी प्रकार कॉलेज की टीम ने गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर 1-1 के साथ बराबर खेलते हुए फुटबॉल की इंटर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना परचम लहराया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विजेता खिलाड़ियों की जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी निरंतर कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बृजेश और प्रोफेसर रुपाली ने खिलाड़ियों की सफलता पर बधाई देते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।